ईमेल करें | मैसेंजर के द्वारा भेजें | प्रिंट संस्करण

कॉरपोरेट समाचार भेल की हरिद्वार इकाई का कारोबार 3,000 करोड़ रुपये के पार भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड(भेल) की हरिद्वार इकाई एचईईपी का कारोबार वित्त वर्ष 2009-10 में 12 प्रतिशत बढ़कर 3218 करोड़ रुपये पहुंच गया है। कंपनी ने इस दौरान सरकारी एवं निजी कंपनियों से ऑर्डर हासिल किए हैं। कंपनी के कार्यकारी निदेशक डी के मोदी ने कहा वित्त वर्ष 2009-10 का कारोबार अब तक का अधिकतम कारोबार है। इस दौरान कंपनी का कर पूर्व मुनाफा भी 18 प्रतिशत बढ़कर 535 करोड़ रुपये पहुंच गया है। भेल की हरिद्वार इकाई एचईईपी ने वित्त वर्ष 2009-10 में 7752 मेगावॉट क्षमता के 77 टर्बाइन माड्यूल तैयार किए हैं। इसके अलावा 7065 मेगावॉट क्षमता वाले 19

है कि दुनिया भर में कार इलेक्ट्रानिक्स का व्यापार तेजी से बढ़ रहा है। लिहाजा, इसके सहारे कारोबार को भी बढ़ाया जाएगा। डालमिया सीमेंट का उत्पादन चार प्रतिशत बढ़ा डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड (डीसीबीएल) का मार्च में सीमेंट उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 3.70 लाख टन पहुंच गया है। इससे पहले मार्च, 2009 में 3.57 लाख टन का उत्पादन दर्ज हुआ था। कंपनी का समीक्षाधीन महीने में सीमेंट लदान भी 15 फीसदी बढ़कर 4.10 लाख टन हो गया है। डीसीबीएल की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 143 लाख टन है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष में कारोबार बढ़ने की भी उम्मीद है। इससे पहले वित्त वर्ष 2008-09 में डीसीबीएल की कुल आय 1779 करोड़ रुपये थी। एफसीआई के नये सीएमडी सिराज हुसैन भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में सिराज हुसैन ने बतौर चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का पद संभाल लिया है। इससे पहले वह एफसीआई में कार्यकारी निदेशक के पद पर भी रह चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में हुसैन यूपी एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक के पद पर भी रह चुके हैं। गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स को तीसरे साल शीर्ष कंपनी का अवार्ड इनोक्स समूह की कंपनी गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स ने लगातार तीसरे साल रसायन क्षेत्र में शीर्ष कंपनी का अवार्ड जीता है। कंपनी को डन एंड ब्रैडस्ट्रीट रोल्टा कारपोरेट अवार्ड 2009 के दौरान यह पुरस्कार दिया गया है।